करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, सोमवार, 21 नवंबर, 2022 | 16

अभियान के आतम ...

शेरपुर से गौरव सोनी, टीकम सोनी, संध्या देवी, सुरेखादेबी,

अधिकार के सुरक्षा सरक्षा करना है।

# एनएसएस की संयुक्त इकाइयों ने सफाई अभियान चलाया



**हिंडौन सिटी ग्रामीण|** करौली मार्ग स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की संयुक्त इकाइयों ए और बी के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ए और बी दोनों के स्वंय सेवकों ने श्रमदान किया। महाविद्यालय परिसर में पड़े हुए अनुपयोगी प्लास्टिक व गंदगी की साफ-सफाई की। गांधी उद्यान में उगे हुए खरपतवार की कटाई करने के साथ उन्हें एकत्रित कर नष्ट किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर पेड़-पौधों में पानी डालकर सिंचाई का कार्य किया गया। प्राचार्य सुरेश चन्द मीना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। साथ ही स्थानीय महाविद्यालय के नियमित व स्वयंपाठी छात्र-छात्राओं को प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर ने वोटर पोर्टल, वोटर हेल्प-लाइन एप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों से सोमवार को अपना आधार कार्ड व परिवार के किसी सदस्य का वोटर आईडी कार्ड लाने के निर्देश दिए। महेश गर्ग व उपमा मीणा की टीम ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।